# 2017

## HINDI

## ( Major )

Paper : 6.2

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) सैद्धान्तिक भाषा-विज्ञान किसे कहते हैं?

(ख) भाषा कैसे ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है?

(ग) 'भाषा-ध्वनि' किसे कहते हैं?

(घ) 'प' किस प्रकार का व्यंजन है?

(ङ) 'अग्र स्वर' का उदाहरण दीजिए।

(च) वाक्य के दो अंग क्या-क्या हैं?

(छ) 'अर्थ विस्तार' का अर्थ क्या है?

**2.** संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) भाषा की एक परिभाषा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) ध्वनि-परिवर्तन के दो प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) वाक्य-रचना में परिवर्तन के दो कारण लिखिए।

(घ) 'अर्थोत्कर्ष' किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) भाषा-विज्ञान के साथ इतिहास का संबंध निरूपित कीजिए।

(ख) "भाषा अर्जित सम्पत्ति है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'संबंध तत्त्व' और 'अर्थ तत्त्व' क्या हैं?

(घ) वाक्य-रचना में पदक्रम या शब्दक्रम की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

(ङ) प्राणत्व और घोषत्व के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

**4.** भाषा की उत्पत्ति-विषयक किन्हीं दो सिद्धान्तों पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

भाषा-विज्ञान को परिभाषित करते हुए साहित्य और मनोविज्ञान के साथ भाषा-विज्ञान का सम्बन्ध निरूपित कीजिए।





**5.** 'स्वर' किसे कहते हैं? विविध आधारों पर स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 10

**अथवा**

ध्वनि-परिवर्तन किसे कहते हैं? ध्वनि-परिवर्तन के कारण निरूपित कीजिए।

**6.** वाक्य किसे कहते हैं? वाक्य-रचना में ध्यान देने योग्य बातों का उल्लेख कीजिए। 10

**अथवा**

अर्थ को परिभाषित करते हुए अर्थ-परिवर्तन के कारणों को लिखिए।

★★★